**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या: *115**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर रोग के मामले**

***115. श्रीमती रमा देवी:**
**श्री महाबली सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कैंसर जैसी अनेक बीमारियों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा देश में स्वास्थ्य संबंधी उक्त खतरों को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है/किए जाने का विचार है और सरकार द्वारा देश में असहाय और प्रभावित लोगों को नि:शुल्क दवाइयां और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या केन्द्र सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकारों को अनुदेश/दिशानिर्देश जारी किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) सरकार द्वारा भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कैंसर अस्पताल की स्थापना/कैंसर रोग के उपचार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**दिनांक 09 फरवरी, 2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *115 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

****

(क) से (ङ): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (आईसीएमआर-एनसीआरपी) के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या में वर्ष 2022-24 के दौरान वृद्धि हुई है और इसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| **कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या (2022-2024) – स्त्री /पुरूष दोनों** | | | |
|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2022** | **2023** | **2024** |
| भारत में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या | 14,61,427 | 14,96,972 | 15,33,055 |

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एनपी-एनसीडी में मुख कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की जांच और निदान पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित कार्य शामिल हैं:

i. बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण
ii. मानव संसाधन विकास
iii. स्वास्थ्य संवर्द्धन
iv. आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्कीम के तहत 30 वर्ष और इससे अधिक आयु की आबादी की जांच
v. शीघ्र निदान और प्रबंधन
vi. किसी उपयुक्त स्तर के स्वास्थ्य परिचर्या केंद्र में भेजना (रेफरल)

एनपी-एनसीडी के तहत, अभी तक 753 जिला एनसीडी क्लिनिक, 219 जिला कार्डियक केयर इकाइयां, 355 जिला डे केयर केंद्र और 6237 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लिनिक स्थापित किए गए हैं।

कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए जागरूकता पैदा करने संबंधी निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए हैं:

1. समुदाय में आरोग्य संबंधी क्रियाकलापों और लक्षित संचार को बढ़ावा देते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्कीम के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के अंतर्गत कैंसर के निवारक पहलू पर अधिक बल दिया जाता है।

2. प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के जरिए आम जनता में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता लाना जिसमें राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, विश्व कैंसर दिवस का आयोजन शामिल है।

3. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के द्वारा स्वस्थ खानपान को बढ़ावा दिया जाता है।

4. युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया अभियान चलाया जाता है।

5. आयुष मंत्रालय द्वारा योग संबंधी विभिन्न क्रियाकलाप निष्पादित किए जाते हैं।

बुनियादी सुविधाओं के संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई इस प्रकार है:

1. केंद्र सरकार कैंसर के विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों के सुदृढ़ीकरण की स्कीम चलाती है। उक्त स्कीम के तहत 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या कैंसर केंद्रों (टीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है। ब्यौरा **अनुलग्नक-1** में दिया गया है। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना को मंजूरी दे दी गई है तथा यह कार्यशील है।

2. झज्जर (हरियाणा) में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता का दूसरा परिसर भी स्थापित किया गया है।

3. प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित सभी नए एम्स और 13 मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेज/ संस्थान जिन्हें इस स्कीम के तहत उन्नत किया गया है, इनमें भी कैंसर के उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है। स्कीम के तहत एम्स पटना और एम्स दरभंगा को मंजूरी दी गई है। कैंसर संबंधी उपचार के लिए एम्स पटना कार्यशील है।

4. टाटा मेमोरियल सेंटर के माध्यम से परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा कैंसर के उपचार की बुनियादी सुविधाएं भी स्थापित की गई है। मुजफ्फरनगर, बिहार में होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र को मंजूरी दी गई थीं तथा यह कार्यशील है।

सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य परिचर्या और उपचार प्रदान कराने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

1. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत 60 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम या विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या में अस्पताल-भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रु. का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। एबी-पीएमजेएवाई के तहत उपचार पैकेज बहुत व्यापक हैं जिनमें औषधियों और नैदानिक सेवाओं जैसे उपचार संबंधी विभिन्न पहलू शामिल किए गए हैं।

2. प्रधानमंत्री भारतीय जनौषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत राज्य सरकारों के सहयोग से सभी को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कैंसर औषधियों को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर पर्याप्य छूट देकर उपलब्ध कराने के लिए कुछ अस्पतालों/ संस्थानों में उपचार हेतु वहनीय औषधियां और विश्वसनीय इम्प्लांट (अमृत) फार्मेसी स्टोर भी खोले गए हैं।

**अनुलग्नक- 1**

## एससीआई/टीसीसीसी की तालिका:

| क्रमांक | राज्य | संस्थान का नाम | एससीआई/टीसीसीसी |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल | एससीआई |
| 2 | असम | गोवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गुवाहाटी | एससीआई |
| 3 | बिहार | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना | एससीआई |
| 4 | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर | एससीआई |
| 5 | दिल्ली | लोक नायक अस्पताल | टीसीसीसी |
| 6 | गुजरात | गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद | एससीआई |
| 7 | गोवा | गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी | टीसीसीसी |
| 8 | हरियाणा | सिविल अस्पताल, अम्बाला कैंट | टीसीसीसी |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला | टीसीसीसी |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मंडी | टीसीसीसी |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर | एससीआई |
| 12 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, जम्मू | एससीआई |
| 13 | झारखंड | राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची | एससीआई |
| 14 | कर्नाटक | किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बेंगलुरु | एससीआई |
| 15 | | मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मांड्या | टीसीसीसी |
| 16 | केरल | क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम | एससीआई |
| 17 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझिकोड | टीसीसीसी |
| 18 | मध्य प्रदेश | जीआर मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर | टीसीसीसी |
| 19 | | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | एससीआई |
| 20 | महाराष्ट्र | राष्ट्रसंत तुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, नागपुर | टीसीसीसी |
| 21 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद | एससीआई |
| 22 | | विवेकानन्द फाउंडेशन एवं अनुसंधान केन्द्र, लातूर | टीसीसीसी |
| 23 | मिजोरम | मिजोरम राज्य कैंसर संस्थान, आइजोल | टीसीसीसी |
| 24 | नगालैंड | जिला अस्पताल, कोहिमा | टीसीसीसी |
| 25 | ओडिशा | आचार्य हरिहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कटक | एससीआई |
| 26 | पंजाब | सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर | एससीआई |
| 27 | | सिविल अस्पताल, फाजिल्का | टीसीसीसी |
| 28 | राजस्थान | एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर | टीसीसीसी |
| 29 | | एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर | एससीआई |
| 30 | | झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, झालावाड़ | टीसीसीसी |
| 31 | सिक्किम | सोचीगांग (सिची) में मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल निकट गंगटोक, सिक्किम | टीसीसीसी |
| 32 | तमिलनाडु | कैंसर संस्थान (आरसीसी), अड्यार, चेन्नई | एससीआई |
| 33 | तेलंगाना | एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद | एससीआई |
| 34 | त्रिपुरा | कैंसर अस्पताल (आरसीसी), अगरतला | एससीआई |
| 35 | उत्तर प्रदेश | संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | टीसीसीसी |
| 36 | उत्तराखंड | सरकारी मेडिकल कॉलेज, हलद्वानी | एससीआई |
| 37 | पश्चिम बंगाल | सरकारी मेडिकल कॉलेज, बर्दवान | टीसीसीसी |
| 38 | | मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बरहमपुर, मुर्शिदाबाद | टीसीसीसी |
| 39 | | सगोर दत्ता मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता | टीसीसीसी |

**अनुलग्नक -II**

**तालिका 1: सभी नए एम्स में स्वीकृत कैंसर इलाज सुविधा**

| क्र.सं. | एम्स | | क्र.सं. | एम्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | | 12 | बठिंडा |
| 2 | भुवनेश्वर | | 13 | गुवाहाटी |
| 3 | जोधपुर | | 14 | बिलासपुर |
| 4 | पटना | | 15 | देवघर |
| 5 | रायपुर | | 16 | जम्मू |
| 6 | ऋषिकेश | | 17 | कश्मीर |
| 7 | रायबरेली | | 18 | मदुरै |
| 8 | मंगलगिरी | | 19 | राजकोट |
| 9 | नागपुर | | 20 | बीबीनगर |
| 10 | कल्याणी | | 21 | मनेठी |
| 11 | गोरखपुर | | 22 | दरभंगा |

**तालिका 2: कैंसर के इलाज के लिए स्तरोन्नत किए गए सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों की सूची**

| क्र.स | राज्य | सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम | सुविधा |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखंड | रिम्स रांची | ऑन्कोलॉजी ब्लॉक |
| 2. | पंजाब | सरकारी मेडिकल कॉलेज अमृतसर | ऑन्कोलॉजी |
| 3. | हिमाचल प्रदेश | राजेंद्र प्रसाद सरकारी, मेडिकल कॉलेज, टांडा | ऑन्कोलॉजी |
| 4. | कर्नाटक | कर्नाटक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हुबली | मेडिकल ऑन्कोलॉजी |
| 5. | राजस्थान | एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी |
| 6. | राजस्थान | आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर | रेडियोथेरेपी/ऑन्कोलॉजी |
| 7. | तेलंगाना | काकतीय मेडिकल कॉलेज, वारंगल | मेडिकल ऑन्कोलॉजी |
| 8. | उत्तर प्रदेश | सरकारी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी |
| 9. | उत्तर प्रदेश | एमएलएन सरकारी मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी |
| 10. | उत्तर प्रदेश | एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ | रेडियोथेरेपी |
| 11. | उत्तर प्रदेश | सरकारी मेडिकल कॉलेज, आगरा | रेडिएशन/मेडिकल ऑन्कोलॉजी |
| 12. | बिहार | पटना | रेडियोथेरेपी (उपकरण) |
| 13. | केरल | श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम | इमेजिंग सेवाएँ और इंटरवेंशनल रेडियोथेरेपी |

*****